पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से मिले मुख्यमंत्री
कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई

लखनऊ: 30 अप्रैल, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज राजभवन में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने भेट की। भेट के दौरान राज्यपाल ने मुख्यमंत्री से नगर विकास एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री आजम खाँ के बयानों पर नाराजगी जतायी, जिस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वे श्री आजम खाँ से इस संबंध में बात करेंगे।

राज्यपाल ने इस अवसर पर राजभवन में विचाराधीन सात विधेयक (1) उत्तर प्रदेश नगर निगम (संशोधन) विधेयक, 2015 (2) उत्तर प्रदेश नगरपालिका विधि (संधोधन) विधेयक, 2015 (3) उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग (संशोधन) विधेयक, 2015 (4) उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा, विधेयक, 2015 (5) डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान विधेयक, 2015 (6) उत्तर प्रदेश लोक आयुक्त एवं उप लोक आयुक्त (संशोधन) विधेयक, 2015 तथा (7) आईआईएमटी विश्वविद्यालय, मेरठ, उत्तर प्रदेश विधेयक, 2016 पर भी मुख्यमंत्री के साथ विस्तार से चर्चा की।

श्री नाईक ने मुख्यमंत्री से विधान परिषद में नाम निर्देशन हेतु 2 रिक्त स्थानों के लिए भी शीघ्र नाम भेजने की बात कही। विधान परिषद में 10 रिक्तियों के सापेक्ष राज्यपाल ने 7 नामों पर अपनी सहमति प्रदान कर दी है तथा श्री राजपाल कश्यप का नाम अभी विचाराधीन है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेश से जुडे अन्य विषयों व प्रदेश के विकास हेतु जनहित में चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी।

अंजुम/ललित/राजभवन (165/41)